पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,
सीकर (राज)

क्रमांकः 4918 दिनांकः 02/02/2023

मुख्य परीक्षा,2023 के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु प्रायोगिक प्रशिक्षण केन्द्र संबंधी "दिशा–निर्देश"

1. प्रायोगिक विषय/विषयों का चयन करने वाले प्रत्येक स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को संबंधित विषय में नियमानुसार प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।
2. स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान एवं कला संकाय के स्वयंपाठी परीक्षार्थी, सीकर एवं झुन्झुनू जिलों में स्थित राजकीय महाविद्यालयों में जहॉ पर उनके द्वारा चयनित प्रायोगिक विषय की सुविधा है, वहां पर प्रशिक्षण ले सकेंगे। स्नातकोत्तर भूगोल विषय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु दोनों जिलों में स्थित राजकीय महाविद्यालयों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रशिक्षण की तिथि हेतु छात्र संबंधित महाविद्यालय से सम्पर्क करें।
3. संबंधित महाविद्यालय/विभाग स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण शिविर की तिथि निर्धारित कर छात्रों को अपने स्तर पर सूचित करेंगे। प्रायोगिक प्रशिक्षण **दिनांक 28.02.2023** तक पूर्ण करना है। इससे पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र पर निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क **दिनांक 13.02.2023** तक जमा करवाकर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।
4. स्नातक (स्वयंपाठी) प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण के साथ ही स्नातक पार्ट–प्रथम एवं द्वितीय के बकाया प्रश्न पत्र (Due Paper(s) if any) का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी संबंधित महाविद्यालय में आयोजित होगा।
5. **प्रशिक्षण शुल्कः– प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण लेने वाले स्नातक पार्ट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी द्वारा प्रति विषय रू 1500/– कला संकाय के परीक्षार्थी द्वारा प्रति विषय रू 1000/– एवं स्नातकोत्तर भूगोल विषय के लिए रू 2000/–प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित है। संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण शुल्क की रसीद आवश्यक रूप से लें तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क से अधिक शुल्क किसी भी स्थिति में नही दें।**
6. प्रशिक्षण पंजीकरण प्रोफॉर्मा को विधिवत भरकर निर्धारित शुल्क के साथ **दिनांक 13.02.2023** तक संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र पर जमा करवाकर पंजीकरण करवायें। अन्यथा प्रशिक्षण में सम्मिलित नही हो सकेंगे।
7. प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र को प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों द्वारा जमा करवाने होंगे, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के अभाव में परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

(डॉ अरिन्दम बासू)
परीक्षा नियंत्रक

विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 में प्रायोगिक विषय का चयन करने वाले स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण प्रोफॉर्मा

फोटो

दिनांकः.....

1. प्रशिक्षण केन्द्र का नाम (जहॉ प्रशिक्षण लेना है).....
2. प्रशिक्षणार्थी का विवरणः
   (i) कक्षा .....
   (ii) एनरोलमेन्ट (यदि आवंटित है) .....
   (iii) आधार नंबर .....
   (iv) नाम .....
   (v) पिता का नाम .....
   (vi) पूर्ण पता .....
   (vii) मोबाईल नंबर .....
3. प्रायोगिक विषय जिनमें प्रशिक्षण लेना हैः–
   (i) .....
   (ii) .....
   (iii) .....
   (iv) (Due Paper (if any) with class) .....
4. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क राशिः रू.....
5. रसीद संख्या/दिनांक.....

प्रशिक्षणार्थी के हस्ताक्षर

नोटः– स्वयंपाठी परीक्षार्थी उक्त प्रोफॉर्मा को संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र जहॉ से प्रशिक्षण लेना है, में निर्धारित शुल्क के साथ **दिनांक 13.02.2023** तक जमा करवा दें। अन्यथा प्रायोगिक प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। पंजीकरण फॉर्म के साथ मुख्य परीक्षा–2023 के परीक्षा आवेदन पत्र की प्रति संलग्न करें।

महाविद्यालय/विभाग के उपयोग हेतु

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,
सीकर (राज)

वेबसाईट: **www.shekhauni.ac.in** ई–मेलः **reg.shekhauni@gmail.com**

क्रमांकः– 4943 दिनांक 08/02/2023

प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय
लक्ष्मणगढ (सीकर)

विषय– स्वंयपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण व्यवस्था के सन्दर्भ में।

महोदय,

विश्वविद्यालय के पत्र कमांक 4917 दिनांक 02 फरवरी 2023 के कम में विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा 2023 के लिए प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त स्नातक पार्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध, उत्तरार्द्ध के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रशिक्षण व्यवस्था के लिए राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ को सम्मलित किया जाता है।

अतः स्वयंपाठी विद्यार्थियों से निर्धारित शुल्क लेकर नियमानुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करवाने का श्रम करावें।

संलग्न– 01 प्रायोगिक प्रशिक्षण दिशा निर्देश
02 पंजीकरण प्रोफॉर्मा।

डॉ संजीव कुमार
सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)